सं०सं०–1 / विविध–13 / 2023– 807(1)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

सुधीर कुमार,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

प्राचार्य एवं अधीक्षक,
पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना,
नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना,
दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, लहेरियासराय, दरभंगा,
अनुग्रह नारायण मगध चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, गया,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर,
जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, भागलपुर,
भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान एवं अस्पताल, पावापुरी (नालन्दा),
जननायक कर्पूरी ठाकुर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, मधेपुरा,
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, बेतिया (पश्चिम चम्पारण)
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पूर्णियाँ।

पटना, दिनांक–21 / 12 / 2023

विषय– **चिकित्सा महाविद्यालय के बायोकेमिस्ट्री, पैथोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी लैब के गुणवत्ता प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में सम्मिलित होने के संबंध में।**

प्रसंग– FIND संस्था का पत्रांक–FIND LSS/BR/014/23, दिनांक–11.12.2023

महाशय,

निदेशानुसार कहना है कि बिहार सरकार अपने सभी अस्पताल में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस सन्दर्भ में बिहार सरकार, स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में राज्य के सभी सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों में बायोकेमिस्ट्री, पैथोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी लैब सेवाओं के सुदृढ़ीकरण का कार्य FIND संस्था के द्वारा किया जा रहा हैं।

2– उपर्युक्त आलोक में उक्त संस्था द्वारा तीन दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन Hotel Patliputra Continental, पटना में दिनांक–10.01.2024 से 12.01.2024 तक आयोजित किया जा रहा हैं।

3– अतः अनुरोध हैं कि अपने–अपने संस्थान के बायोकेमिस्ट्री ,पैथोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग से 2 नोडल शिक्षण संकाय (Faculty) का इस कार्यशाला में भाग लेना सुनिश्चित किया जाय।

4– FIND संस्था की सुश्री रंजना पांडेय (मोबाईल संख्या–7428860916) से इस संबंध में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। कार्यशाला के दौरान रहने एवं खाने की व्यवस्था FIND संस्था द्वारा की जाएगी।

अनु0:– प्रासंगिक पत्र।

विश्वासभाजन

21.12.23

(सुधीर कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव

क्रमशः

D:\sec-1-All file letter\sec-1-letter-10.docx

CamScanner

ज्ञापांक–1/विविध–13/2023– 807(1) /स्वा0, पटना, दिनांक– 21/12/2023

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– FIND राज्य प्रतिनिधि को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21.12.23

सरकार के संयुक्त सचिव